# 22 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले


**गंगापुर सिटी।** नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सैकण्डरी स्कूल का सैकण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल मिथिलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले सालों की तुलना में समग्र रूप से और भी अच्छा रहा है।

विद्यालय में पढने वाले विद्यार्थियों में से 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। विद्यालय के छात्र निखिल जैमिनी पुत्रचंद्रशेखर जैमिनी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार किरोडी लाल मीणा पुत्र मुकेश कुमार मीणा ने 95.67 प्रतिशत, मोहित मीणा पुत्र मुकेश मीणा ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अमीषा जाटव ने 94.83 प्रतिशत, विजय राज सिंह ने 94.83 प्रतिशत, कोमल मीना ने 94.5० प्रतिशत, हिमांशु माँजीवार 94.33 प्रतिशत, साक्षी बैरवा ने 94.33 प्रतिशत अंक मिले। इस अवसर पर विद्यालय में आतिशबाजी की गई और विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बुलाकर उनका सम्मान किया गया।

# डेढ़ करोड़ के नवनिर्मित मंदिर में विराजी हनुमान जी की चार सौ साल पुरानी प्रतिमा

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। महवा रोड स्तिथ हिण्डौन क्षेत्र के प्रसिद्ध क्यारदा कला बालाजी हनुमान मंदिर में डेढ़ करोड़ की लागत से नवनिर्माण मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा का कार्य सर्व समाज के द्वारा संपन्न हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने पगंत पर प्रसादीपाई और बालाजी दरबार में मत्था टेक कर सुख, शांति, अमन चैन की मनौती मांगी।

इस दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रसिद्ध मंदिर क्यारदा बालाजी की आचार्य अमित शर्मा ने 11 विद्वान पंडितों ने मन्त्रोच्चार के साथ शिव परिवार व हनुमान जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से नव निर्मित मंदिर में विद्वान पंडितों द्वारा की गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लाखों लोगों ने पंगत प्रसादी पाई और बालाजी महाराज के दरबार में मत्था टेक कर अमन-चैन की मनौती मांगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और नव निर्मित मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम 7 दिन पूर्व से



हनुमान जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के बाद आयोजित भंडारे में काफी भक्तों ने प्रसादी जीमी।

चल रहा है। जिसमें आगरा व हरियाणा की प्रसिद्ध महिला गायकों द्वारा विभिन्न धार्मिक रचनाओं पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कलाकारों के द्वारा किया गया। जिसमें लोगों ने आनंद के साथ कार्यक्रम में जमकर शिरकत की। गौरतलब है कि क्यारदा बालाजी की महिमा की चर्चा जिले भर और दूर दराज के क्षेत्रों में महिमा का बखान सुना गया है। यहां लोगों के हर कष्ट श्री बालाजी महाराज हर लेते हैं। सांसारिक दुखों से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। चमत्कारी बालाजी महाराज की कीर्ति का बखान जितना करें उतना कम है। क्षेत्र में बालाजी महाराज के प्रति

- **प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशाल भंडारे में लाखों ने पाई प्रसादी**

लोगों की आस्था बहुत गहरी बनी हुई है। मंदिर कमेटी के लोगों ने बताया कि बालाजी धाम की स्थापना 400 साल पूर्व बुजुर्गों द्वारा कराई गई थी। तभी से चमत्कारिक बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए दिल्ली, जयपुर भरतपुर आगरा, दोसा, मथुरा, धौलपुर, गवालियर, करौली सहित आसपास के दर्जनों जिलों के श्रद्धालुओं का बालाजी महाराज के दर्शन के लिए तांता लगा रहता है। मंगलवार को प्रसिद्ध आस्था धाम पर मेले जैसा माहौल बन जाता है। मंदिर परिसर से बाहर दर्जनों दुकान सजाई प्रसादी एवं सौंदर्य प्रसाधन संसाधनों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड-भाड रही।

# बारिश आने से पहले साफ सफाई कराने की मांग

**करौली** (निंसं.)। करौली शहर के हाथीघटा से वीर हनुमान जी के रास्ते में व्याप्त गंदगी को हटाने एवं बरसात आने से पूर्व मार्ग की साफ सफाई कराए जाने की मांग को लेकर संत ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

किरोड़ी सर्राफ की बगीची भगत कॉलोनी स्थित ठाकुर जी मंदिर के संत ओम दास त्यागी जी महाराज ने जिला कलेक्टर को पत्र पेश कर बताया कि किरोड़ी सर्राफ की बगीची से वीर हनुमान मंदिर मार्ग में जमकर गंदगी हो रही है। दिन भर पानी भरा रहता है बरसात आने पर पूरा मार्ग जलमग्न हो जाता है और मकानों में पानी भर जाता है उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 20 कॉलोनी वासियों जो हाथीघटा से वीर हनुमान जी के रास्ते में मकानों में पानी भर जाने से परेशानी उठाते हैं पूर्व में भी दो तीन बार बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो चुके हैं जिससे लोगों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया एवं स्वयं का भी करीब 50हजार रुपये से अधिक का नुकसान हो गया। उन्होंने बताया कि बगीची में उसके आसपास बने मंदिरों,मकानों में वर्षा के समय में पानी भरा उसे परेशानी हो जाती है।

## सार-समाचार

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

**मासलपुर,**(निंसं.)। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों की जीत पर मासलपुर कांग्रेसियों ने ब्लॉक देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा के नेतृत्व में जश्न मनाया। कस्बे के कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए आतिशबाजी के साथ नारेबाजी की कांग्रेसी नेता कैलाश चंद शर्मा ने कहा कि इस बार राज्यसभा की 4 सीटों में से कांग्रेस की ओर से रणदीप सुरजेवाला,मुकुल वासनिक,प्रमोद तिवारी को चुनावी मैदान में उतारा गया और तीनों ही चुनाव जीत गए जो कांग्रेस में अशोक गहलोत की बड़ी जीत है। इस दौरान मासलपुर कांग्रेसी कार्यकर्ता ईदू खान, सलीम, मुनीर, बसीर, सूका, आरिफ सहित कई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### प्रसादी वितरण में उमड़ी भीड़

**बयाना।** उपखंड के गांव नगला झामरा में सोमवार को आयोजित अखंड भंडारे व प्रसादी वितरण समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। आसपास के गांवों के लोग व महिलाऐं भी श्रद्धाभाव से समारोह में पहुंचे और पंगत की संगत में एकसाथ बैठकर भोजन प्रसादी पाई। कार्यक्रम संयोजक समयसिंह ठेकेदार के अनुसार यह आयोजन गांव में एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद्‌भागवत कथा समारोह के आज विसर्जन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कथा समारोह में कथावाचक कुंजबिहारी शास्त्री ने कथा प्रवचन किए थे।

### भंडारे का आयोजन

**बयाना।** बयाना के निकटवर्ती गांव मुर्रकी के पास स्थित मणी वाले हनुमान मंदिर में सोमवार को विशाल भंडारे व प्रसादी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों से भी हजारों की संख्या में आए ग्रामीणों व महिलाओं ने श्रद्धाभाव से शामिल होकर प्रसादी पाई। आयोजन समिती के सदस्य मनोज मुर्रकी ने बताया कि यह आयोजन वहां एक सप्ताह से चल रहे श्रीमदभागवत कथा समारोह के विसर्जन के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर हवनयज्ञ सामूहिक आरती व भागवत पूजा आदि कार्यक्रम भी हुए।

# युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर** (निसं)। आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुखर्जी नगर स्थित राज गार्डन मैरिज होम में युवा संवाद कार्यक्रम रखा गया जिसमें जयपुर से पधारे युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा व सांसद रंजीता कोली मुख्य अतिथि रहे व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी सत्येंद्र गोयल जिला उपाध्यक्ष युवा अभय वीर सोलंकी, हिम्मत सिंह, गिरधारी गुप्ता ,भगवान दास शर्मा मुकेश सिंगल नरेश सेन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा ने की, सर्वप्रथम अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की! युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का 21 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जीतू गणेशनगर, आकाश पिदावली, अमित चौधरी, आकाश, अनंत बुरावई, गौरव सरपंच विष्णु लखनपुर, सचिन मीना,सौरव सोलंकी गोपालगढ़, राजेश चौधरी, राहुल वैर, विशेन्द्र कंसाना, दीपेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आत्मदाह प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग

**करौली** (निंसं.)। करौली के वकीलों ने राज्यपाल के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर अधिवक्ता हंसराज मावलिया आत्मदाह प्रकरण की न्यायिक जांच कराने की मांग करते हुए 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एडवोकेट गजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में एडवोकेट कपिल पाराशर,आशुतोष पाराशर, अभिलाष शर्मा, रमाकांत सहित कई एडवोकेटो ने राज्यपाल के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश करते हुए बताया कि प्रदेश में विगत कई वर्षों से भ्रष्टाचार इस कदर हावी हो चुका है। कि न्याय का मंदिर कहलाने वाली राजस्व अदालतें भी इससे अछूती नहीं रह पाई हैं। तथा रिश्वत के पैसे के बल पर मनचाहे आदेश राजस्व अदालतों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा किए जाते हैं। जिससे कि गरीब पक्षकार को न्याय मिलने की संभावना नगण्य हो जाती है जिसकी वजह से ग्रामीण,किसानों की जमीनों पर भू माफियाओं का कब्जा हो जाता है। और गरीब किसान जो राजस्व अदालतों में न्याय की आस लेकर आता है। भ्रष्टाचार के चलते अपने आप को ठगा सा महसूस करता है प्रदेश की राजस्व अदालत भ्रष्टाचार के आकण्ठ में डूबी हुई है इसी भ्रष्टाचार के चलते हमारे एक अधिवक्ता साथी हंसराज मावलिया जो कि खंडेला जिला सीकर के थे उन्हें आत्मदाह कर अपना बलिदान देना पड़ा।उन्होंने बताया कि मृतक अधिवक्ता के बलिदान से राजस्थान प्रदेश के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। तथा यह भी है कि राजस्थान में अधिवक्ता व उनके परिवार का जीवन संकट मय परिस्थितियों से गुजर रहा है। इस हेतु राजस्थान के अधिवक्ता समुदाय की ओर से प्रदेश भर में विभिन्न अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं के हितार्थ भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ प्रदेश की ओर से मांगे रखी गई हैं। अधिवक्ता हंसराज आत्मदाह प्रकरण में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के अधिवक्ताओं पर राजस्थान प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में जो झूठे मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं उन्हें तुरंत वापस लिए जाने की मांग की।

# आत्मदाह मामले में न्यायिक जांच की मांग

**भरतपुर** (निसं)। राजस्थान बार काउंसिल के आव्हान पर खण्डेला जिला सीकर (राज.) के हंसराज मावलिया अधिवक्ता द्वारा किए गए आत्महत्या के मामले को लेकर दी बार एसोसिएशन समिति भरतपुर के अधिवक्ताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताते हुए न्यायिक जांच की मांग और मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर बीना महावर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन दिया। दी बार एसोसिएषन समिति भरतपुर के अध्यक्ष यशवंतसिंह फौजदार ने बताया कि हंसराज मावलिया अधिवक्ता द्वारा किए गए आत्महत्या के मामले में राजस्थान बार काउसिल के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्षन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया हमारी मांगे है इस मामले में घायल अधिवक्ताओं को 5 लाख रूपए, मृतक अधिवक्ता के आश्रित को राजकीय नौकरी तथा प्रदर्षन के दौरान अधिवक्ताओं पर लगाए मुकदमें वापिस लेने की मांग की।

# भागवत कथा में पहले विधायक ने सपरिवार महाआरती में लिया भाग

**मासलपुर करौली** (निंसं.)। मासलपुर करौली सड़क मार्ग पर स्थित कोंडर गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने सपरिवार महाआरती में भाग लिया। इस अवसर पर करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

गौरतलब है कि कोंडर गांव में समस्त ग्रामीणों के द्वारा संत शिवदास महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत

- **विधायक ने देश में अमन चैन और खुशहाली की भगवान से प्रार्थना की**

कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा यहां पर सपरिवार पहुंचे।

पूर्व विधायक मीणा ने अपने परिवार कोंडर गांव में हनुमान जी के



मासलपुर के निकट कोंडर गांव में पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने सपरिवार कथा की आरती में भाग लिया।

पर मंदिर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में महा आरती में भाग लेकर देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए कामना की इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि उनका परिवार कोंडर सहित पांच गावों की जनता जनार्दन के साथ कृष्ण भगवान की आरती में भाग लेकर धन्य समझता हूं। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को अच्छी परंपरा बताया उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में उनकी तरफ से पूर्ण सहयोग रहेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक के साथ टीम वसुंधरा राजे के करौली जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र मीणा सलेमपुर साथ रहे।

# गांवों को विस्थापित करने की मांग

**करौली** (निंसं.)। सपोटरा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान के नेतृत्व में कैलादेवी वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र के कई गांवों के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर गांवों को विस्थापित करने की मांग की।

सपोटरा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान राम कुमार बैरवा के नेतृत्व में ग्रामीण हरि शंकर, मदनलाल, जगनराम, सहाय, राम सिंह, श्रीलाल, देवीलाल आदि लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि हम करीब 100 परिवार ग्राम पंचायत अमरगढ के हटिया एवं भोजपुरा के निवासी हैं। और हमारे यहां पर आसपास के सभी गांव विस्थापित हो चुके हैं।

अब हमारा रास्ता वहां पर दुर्लभ है आए दिन डकैत एवं समाजकंटको से परेशान हैं और गांव में बिजली की सुविधा नही है, ना ही पीने के पानी की कोई सुविधा है ऐसी स्थिति में हमारा रहना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों को विस्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि विस्थापित होने के बाद हमारा परिवार सुख मय एवं बच्चों को आसानी से शिक्षा से जोड़ सकेंगे।

# 'चंबल का पानी नहीं आने तक चैन से नहीं बैठेंगे किसान'

**मासलपुर** (निंसं.) पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा है। कि चंबल का पानी पूर्वी राजस्थान के लोगों के जीवन के लिए आवश्यक है। पानी के अभाव में भयावह हालात बनते जा रहे हैं। ऐसे में सरकार को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देकर 13 जिलों के निवासी लोगों को नया जीवन देने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चंबल का पानी नहीं आने तक पूर्वी-उत्तरी क्षेत्र के लोग चैन से नहीं बैठेंगे। प्रदेशाध्यक्ष मीना मासलपुर के सकरघटा के पास नीमरीकापुरा की ढाणी चतुर्भुज का पुरा में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से आयोजित चतुर्थ किसान महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की केन्द्र सरकार से मांग करते हुए 13 जिलों में जनजागरण अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान की शुरूआत मंडरायल स्थित चंबल नदी पर जाकर महाआरती के साथ की गई थी। राजस्थान में पहली बार चंबल की पूजा अर्चना और महाआरती का आयोजन हुआ।उसके बाद प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया और चंबल की चिट्ठी तैयार कर प्रदेश के सभी 200 विधायक और 25 सांसदों को भेजी गई। इस चिट्ठी के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए चंबल की पानी की आवश्यकता बताते हुए ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने का आग्रह किया गया। महापंचायत में हिण्डौन के युवा नेता कर्णसिंह राजौरा,बटरू गुर्जर पीपलपुरा,पवन खटाना कैमरी,महेश खटाना कैमरी,कैलाश सरपंच धवान, बद्री पटेल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विजय सिंह,गिरधारी पटेल आरेना आदि शामिल हुए।

# भंडारे में दलित परिवार से मारपीट, आठ जने घायल

**हिण्डौन सिटी।** बालघाट थाना क्षेत्र के गांव पिलुवा में आयोजित भंडारे के दौरान कुछ लोगों ने एक दलित परिवार के लोगों की बुरी तरह से पिटाई कर दी। जिसमें 8 जने घायल हो गए। बात इतनी थी कि उन्होंने दूसरे लोगों की झूठी पत्तल उठाने से मना कर दिया। मामला जिले के पीलुवा गांव के श्योसिंह का पुरा में रविवार शाम 6 बजे का है। रविवार को यहां भागवत कथा के समापन पर प्रसादी का आयोजन किया गया था। यहां इस कार्यक्रम में जाटव समाज के कुछ लोग प्रसादी लेने गए थे। पीड़ित लोगों का कहना है कि इस प्रसादी में उन्हें भी निमंत्रण दिया गया था। यहां जब पहुंचे तो उन्हें जबरन झूठी पत्तल उठाने के लिए कहा गया। जब उन्होंने मना कर दिया तो उनके साथ गाली-गलौज की। यहां तक कि महिला और पुरुषों की जमकर डंडे व लात-घूंसों से मारा। घायलों को हिंडौन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चक्का जाम के बाद बयाना होकर डायवर्ट किया ट्रैफिक

**बयाना।** आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज की ओर से जयपुर , आगरा नेशनलहाईवे पर गांव अरोदा के पास किए जा रहे चक्काजाम आंदोलन के चलते नेशनलहाईवे पर यातायात अवरुद्ध होने से अब इस यातायात को डायवर्ट कर बयाना होकर निकाला जा रहा है। जिससे कल शाम से बयाना भरतपुर व बयाना भुसावर स्टेट हाईवे पर मोटर वाहनों की कतारें लगी है। वही अब लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आगरा की ओर से जयपुर की ओर जाने वाले व जयपुर की ओर से आगरा की ओर जाने वाले और मथुरा की ओर से आकर जयपुर की ओर जाने वाले सभी मोटर वाहनों को अब भरतपुर से बयाना और बयाना से वैर भुसावर छोकरवाड़ा होते हुए जयपुर के लिए निकाला जा रहा है इसी प्रकार जयपुर की ओर से आने वाले सभी मोटर वाहनों को भी बयाना होकर निकाला जा रहा है यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आज भी बयाना पुलिस कोतवाली की ओर से भीम नगर तिराहे पर पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई है रात्रि को भी पुलिस तैनात रही और वाहनों का रात भर भी आवागमन जारी रहा था। विभिन्न यात्री वाहनों में सवार यात्रियों ने बताया कि मनमाने ढंग से हो रहे इस आंदोलन के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खास तौर से यात्री वाहनों में सवार छोटे-छोटे बच्चों व महिलाओं को भीषण गर्मी में इस आंदोलन के चलते ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आंदोलनकारियों से भी धैर्य रखने और आमजन की परेशानियों को समझने व शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को शासन प्रशासन के संज्ञान में लाने का आग्रह किया है। ताकि उनकी मांगों का उचित समाधान हो सके।

# जागरूकता अभियान आज से

**करौली,** (निंसं.)। डांग विकास संस्थान द्वारा पॉल हेमलिन फाउण्डेशन के सहयोग से खान श्रमिक कल्याण बोर्ड व सिलिकोसिस पॉलसी पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को गढीका गांव में बैठक कर इस सम्बंध में चर्चा की।

# जो पार्टी ब्राह्मण को सीएम चेहरा घोषित करेगी, उसी को देंगे समर्थन

**भरतपुर** (निसं)। मिशन हम भारत के ब्राह्मणषके तहत रविवार सायं को सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों की एसडीएस पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बी नारायण गेट भरतपुर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के सभी न्यातों के प्रबुद्ध जनों ने भाग लेकर, सक्रिय और शक्तिशाली राजनीतिक भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने आगामी विधानसभा चुनावों में दोनों बड़ी पार्टियों द्वारा सभी अनारक्षित सीटों पर ब्राह्मण चेहरों को टिकट देने तथा ब्राह्मण मुख्यमंत्री घोषित करने की मांग रखी। ब्रह्म चेतना को जागृत करने के मिशन को लेकर भ्रमण पर निकले जयपुर के योगेश्वर नारायन शमा ने अपने विचार व्यक्त किए।


**RASHTRIYA CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED**
(A Government of India Undertaking)
Corp. Office : Priyadarshini, E.E. Highway, Sion, Mumbai 400 022.
CIN: L24110MH1978GOI020185
(Area Office Address : RCF Ltd, 40, Jadhon Nager 'B', Durgapura,Jaipur-PIN 302018)
Tel. No. 0141-2720334, 2554597, 2554979 mail ID rcfrajasthan@gmail.com

In pursuance to the order No. S.O. 2900(E) dated 24.10.2015 and its amendment dated 30.10.2017 issued by Department of Agriculture, Co-Operation and farmer's welfare, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare GOI. RCF Ltd here by notifies that RCF Ltd intends to sell 100% water soluble mixture of fertilizer as per specification given. NPK 19:19:19, Moisture Percent by weight, max-0.5%,N(T) min-19%, (NO3-N max-4%, NH4-N min-4.5%, Urea N max-10.5%), WP P2O5 min-19%, WS K2O min-19%, Na as NACL max-0.5%, Insoluble matter in H2O max - 0.5%, Lead, Cadmium & Arsenic max-Not traceable.

Supply and sales of above Sujala WSF19:19:19 grade will be done after 30 days of intimation.

State Incharge (Rajasthan)

Let us grow together



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2022-23/2434-35 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 7-6-2022

संजय नगर फेज-4 योजना भरतपुर में आवासीय भूखण्ड सं. 390 श्री तेजसिंह पुत्र श्री बदनसिंह जाति जाट निवासी संजय नगर, भरतपुर के नाम 99 वर्षीय लीज होल्ड पर आवासीय भूखण्ड आवंटन/नीलामी में नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा विक्रय किया गया था। जिसका क्षेत्रफल 159.12 वर्गगज है। श्री तेजसिंह पुत्र श्री बदनसिंह की मृत्यु दि. 26-9-2021 को हो चुकी है। श्री तेजसिंह ने अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का अपंजीकृत वसीयतनामाआम श्री प्रकाशचंद पुत्र स्व. श्री तेजसिंह के नाम कर दिया है। आवेदक श्री प्रकाशचंद पुत्र स्व. श्री तेजसिंह जाति जाट निवासी- आराधना स्कूल के पास, संजय नगर, भरतपुर ने अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन-पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि 7 दिवस में कार्यालय नगर निगम भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद आवासीय भूखण्ड सं. 390, संजय नगर, फेज-4, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर


# बालश्रम की रोकथाम के लिए ई-रिक्शा रैली निकाली

**भरतपुर,**(निसं)। विश्व बालश्रम निषेध दिवस सप्ताह के उपलक्ष में दिशा फाउण्डेशन एवं मानव तस्करी विरोधी इकाई भरतपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में शहर में बालश्रम की रोकथाम हेतु ई-रिक्शा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय गोदारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर द्वारा रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गई। यह रैली मानव तस्करी विरोधी यूनिट कार्यालय से बिजलीघर, लक्ष्मण मंदिर, हीरादास, कुम्हेर गेट, रेलवे स्टेशन होते हुए मानव तस्करी विरोधी कार्यालय पर समाप्त हुई।



विश्व बालश्रम निषेध दिवस सप्ताह के उपलक्ष में भरतपुर शहर में बालश्रम की रोकथाम हेतु ई-रिक्शा रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली के अवसर पर मुख्य अतिथि अजय गोदारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शहर में बाल मजदूरी की रोकथाम हेतु मानव तस्करी विरोधी इकाई, चाइल्ड लाईन एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन व अन्य हितधारकों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि कंही भी कोई बच्चा बाल श्रम में लिप्त पाया जाता है तो त्वरित गति से संबंधित एंजेसीज् को कानूनी कार्यवाही करने की जरूरत है। इस अवसर पर गंगाराम पाराशर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने कहा कि बाल श्रम की रोकथाम के लिए सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की है तथा बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर इनको रणनीति की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनिता ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज भरतपुर ने बताया कि बालश्रम की रोकथाम हेतु बनाये गये बालश्रम निषेध व नियमन कानून 1986 के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के अहितकर 13 कार्यो को निषिद्ध बनाया गया है। साथ ही पुलिस की तरफ से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ओपी साहरण, आयुक्त श्रम विभाग भरतपुर ने कहा कि विभाग की ओर से बालश्रम कराने वाले नियोक्ताओं के विरूद्ध कडी से कडी कानूनी कार्यवाही कर उन्हे सजा दिलाने में संपूर्ण सहयोग दिया जायेगा।

# बुजुर्ग का पर्स पार करते जेबकतरा दबोचा

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल में चोरी व जेब तरासी की घटनाऐं थमने का नाम नही ले रही है। जिसके चलते सोमवार को एक अस्सी वर्षीय बुजुर्ग के जेब से पर्स को पार करते समय एक जेब कतरे को लोगों ने दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद जेबकतरे को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। समीप के गांव निसुरा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग प्यारे लाल शहर के मोहन नगर स्थित राजकीय अस्प्ताल में ईलाज कराने के लिए आया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान बुजुर्ग प्यारे लाल रोगी पंजीयन काउन्टर पर पर्ची लेने के लिए खडा हुआ था।

वह पर्ची काउंटर से पर्ची ले रहा था तभी अचानक पीछे खडे जक जेबकतरे ने उसकी जेब साफ करते हुए जब से पर्स निकाल लिया। इतने में ही बुजुर्ग को पता चल गया। जैसे ही वह जेब से पर्स निकाल कर भागने लगा तो बुजुर्ग ने शोर शराबा मचा दिया जिससे मौके पर मौजूद भीड़ ने जेबकतरे को पकड़ कर धुनाई कर दी। इस घटन की मौके पर मौजूद लोगों ने चुलिस को सूचना कर दी।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रबन्धक, विश्राम भवन, करौली**

क्रमांक/वि.भ.करौ/2022-23/54 दिनांक: 08.06.2022

**निविदा आमंत्रण-सूचना**

**01/2022-23**

विश्राम भवन, करौली में वित्तीय वर्ष 2022-2023 में जॉब-बेसिस एवं संविदा के आधार पर सफाई कार्य, बागवानी कार्य, रसोईया कार्य एवं कम्प्यूटर आपरेटर (मेन-विद-मशीन) कार्य कुल लागत रूपये 9.80 लाख एवं किराना/परचून सामग्री एवं पेरिशबल सामग्री कुल लागत रूपये 6.00 लाख उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ठ पंजीकृत निविदादाता/संवेदकों एवं होलसेल सप्लायर्स से खुली निविदाऐ (तकनीकी-बिड एंव वित्तीय-बिड) दिनांक 13.06.2022 से 21.06.2022 को अपरांह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना पोर्टल http://.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करें।

UBN NO.CKL2223SSRC00004
UBN NO.CKL2223SSRC00005
NIB CODE: CKL2223A0004

प्रबन्धक
विश्राम भवन, करौली